हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, शनिवार, 2 अगस्त 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

2 उपमुख्यमंत्री ने किया पुस्तक का विमोचन, शिक्षिका ज्योति सम्मानित




## खबर संक्षेप

### जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत शासी परिषद की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे की अध्यक्षता में जिला खनिज न्यास संस्थान के अंतर्गत शासी परिषद की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस अवसर पर जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह, पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरबंश, जैजैपुर विधायक बालेश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती श्रीमती सत्यलता आनंद मिरि, पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे, अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर सहित शासी परिषद के सदस्य एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

### सभी विकासखण्डों में पीएम किसान दिवस का आयोजन

**सक्ती।** जिले के 90 हजार 947 से अधिक किसानों के खातों में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वीं किस्त की राशि शनिवार 2 अगस्त को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा वाराणसी से वेबकास्ट के माध्यम से जारी किया जयेगा। यह राशि डीबीटी के माध्यम से किसानों के खातों में सीधे पहुंचेगा। जिले के सभी विकासखंड में पीएम किसान दिवस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण का आयोजन किया जाएगा। पीएम किसान दिवस कृषि विकास एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण जिला स्तर पर कार्यालय कलेक्टर जेठा के सभागार में भी आयोजित किया जायेगा।

### झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** नाबालिक बालिका के साथ अनाचार करने वाला आरोपी को बिहार से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार नाबालिक बालिका को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की सूचना रिपोर्ट पर 2 मई को नवागढ़ थाने में दर्ज कराई गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था। पुलिस टीम को नीरपुर बिहार भेजा गया, जहां से अपहृता को आरोपी रोहित कुमार के कब्जे से बरामद कर किया जाकर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### परिचारक भर्ती परीक्षा कल 6423 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**जांजगीर-चांपा।** व्यापम रायपुर द्वारा प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा रविवार 3 अगस्त को आयोजित की गई है। यह परीक्षा सुबह पाली में प्रातः 11 बजे से दोपहर 1.15 बजे तक संपन्न होगी। जिले में परीक्षा के लिए कुल 19 परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं, जहां 6423 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाए रखने और नकल पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्त दिशा-निर्देश लागू किए गए हैं।

## चावल, दाल और आलू की सब्जी तक सिमटकर रह गई थाली

# स्कूलों में मीनू चार्ट के अनुसार बच्चों को नहीं मिल पा रहा मध्यान्ह भोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो में पढने वाले बच्चो को मीनू चार्ट के अनुसार मध्यान्ह भोजन नही मिल पा रहा है। स्कूलो में महज चांवल, दाल व आलू की सब्जी देकर काम चलाया जा रहा है। मौसमी फल और हरी सब्जियां बच्चों की थाली तक नहीं पहुंच पा रही है। जिससे बच्चों को पौष्टिक भोजन देने की योजना महज औपचारिक बनकर रह गई है।

गौरतलब है कि जांजगीर चाम्पा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर करीब 1 हजार 2 सौ प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो का संचालन किया जा रहा है। प्राथमिक स्कूलो की संख्या 750 तो वही मिडिल स्कूलो की संख्या 450 से भी अधिक है। इन सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो में पढने वाले बच्चो को प्रत्येक दिन मध्यान भोजन मीनू चार्ट के अनुसार दिया जाना है। अलग अलग दिनो के हिसाब से मीनू तय है और इसी के आधार पर भोजन दिया जाना है, लेकिन स्कूलो में ऐसा नजर नहीं आ रहा है। बरसात में सब्जियो के दाम सातवे आसमान पर है। जिसके कारण मध्यान भोजन में इन दिनों चांवल, दाल एवं आलू की सब्जियां ही नजर आ रही है। जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत खोखसा के प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल में मीनू चार्ट के अनुसार बच्चो को मध्यान्ह भोजन नही मिल पा रहा है। थाली में हरी सब्जियां नजर नही आ रही है। इसी प्रकार जर्वे के प्राथमिक स्कूल में बच्चो को मध्यान भोजन में पापड आचार नही मिल पा रहा है। इसी प्रकार की स्थिति जांजगीर शहर के सदर पूर्व माध्यमिक शाला में भी देखने को मिली जहां बच्चो को चांवल, दाल सब्जी तो दिया गया। लेकिन पापड मध्यान्ह भोजन में नजर तक नही आया। इसी प्रकार डाइट परिसर के पास संचालित पूर्व माध्यमिक शाला में मध्यान्ह भोजन बनाने को लेकर समुचित व्यवस्था तक नही है। इसके अलावा सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो में कीचन गार्डन की समुचित व्यवस्था भी की जानी है ताकि स्कूल परिसर के आसपास ही टमाटर, बैगन, गोभी, मिर्च, धनियां, लौकी, लाल भाजी, करेला सहित अन्य तरह के सब्जी भाजी की खेती स्कूल परिसर के पास ही हो सके। लेकिन इस तरह की गतिविधियां सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो में नजर तक नही आ रही है। जिसके चलते विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन में हरी सब्जियां नहीं मिल पा रही है। बच्चों को सप्ताह में अलग अलग दिनों के हिसाब से हरी सब्जियों के अलावा खीर पुड़ी एवं मौसमी फलों का वितरण भी किया जाना है, लेकिन स्कूलों में केवल दाल, चावल और आलू की सब्जी देकर काम चलाया जा रहा है।

### ली जाएगी जानकारी

सरकारी प्राथमिक एवं मिडिल स्कूलो के बच्चो को मीनू चार्ट के अनुसार मध्यान्ह भोजन दिया जाना है। जिन स्कूलो में इस तरह की व्यवस्था नही बन पा रही है, ऐसे स्कूलों की जानकारी भी ली जाएगी।

**-अश्वनी भारद्वाज,**
डीईओ, जांजगीर चाम्पा

### प्राथमिक शाला जनकपुर जोगीडीपा की हालत जर्जर

**शिवरीनारायण।** शिवरीनारायण के वार्ड क्रमांक 1 जोगीडीपा स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों की पढ़ाई दो कमरों में सिमट कर रह गई है। शासकीय प्राथमिक शाला जोगीडीपा की इमारत जर्जर हालत में पहुंच चुकी है। कक्षा पहली से पाँचवीं तक की पढ़ाई इस स्कूल में होती है, लेकिन बरसात के दिनों में अधिकांश कक्षाओं की छत से पानी टपकता है और प्लास्टर गिरने की वजह से कमरे उपयोग लायक नहीं बचे हैं। वहीं मध्यान्ह भोजन कक्ष भी जर्जर हो चुका है। प्रधान पाठक विधा साहू ने बताया कि फिलहाल केवल दो अतिरिक्त कमरे सुरक्षित हैं और इन्हीं में सभी कक्षाओं की पढ़ाई मजबूरी में संचालित हो रही है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों का कहना है कि वे कई बार शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन को स्कूल की हालत से अवगत करा चुके हैं। नगर पंचायत शिवरीनारायण के पार्षद ओम प्रकाश साहू ने बताया कि पूर्व में यहाँ पदस्थ रहे बीईओ को भी स्थिति से अवगत कराया गया था, लेकिन किसी सक्षम अधिकारी ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया।



# धान व्यापारी के कर्मचारी से दिनदहाड़े 11 लाख की लूट

## बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के पुछेली की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बैंक में रुपए जमा कराने चाम्पा आ रहा धान व्यवसायी का कर्मचारी लूट का शिकार हो गया। बाइक सवार 3 लुटेरों ने दिनदहाड़े वारदात को अंजाम दिया। युवक से 11 लाख रुपए से भरा बैग छीनकर लुटेरे फरार हो गए। घटना बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के पूछेली की है। पुलिस नाकेबंदी कर लुटेरों की पतासाजी में जुट गई है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार करनौद निकासी धान व्यवसायी किरीत डड़सेना ने शुक्रवार 1 अगस्त को अपने कर्मचारी दीपेश देवांगन को बैंक में पैसा जमा कराने भेजा। दीपेश करनौद से बैग में पैसे लेकर यूनियन बैंक चांपा जाने के लिए बाइक से निकला। बैग में 11 लाख 80 हजार रुपए थे। दीपेश दोपहर करीब 1 बजे बम्हनीडीह थाना क्षेत्र के पूछेली पहुंचा था। इसी दौरान एक बाइक में तीन युवक पहुंचे और दीपेश को रोककर रुपए से भरा बैग छीनकर फरार हो गए। कर्मचारी ने अपने मालिक को सूचना दी और बम्हनीडीह थाना पहुंच कर रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस को जानकारी मिलते ही आरोपियों की तलाश शुरू कर दी गई। आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और चौराहों पर निगरानी बढ़ा दी गई है। नकाबन्दी कर पुलिस द्वारा लुटेरों की पतासाजी की जा रही है। जिले के आलावा भटगांव, बिलाईगढ़, सारंगढ़ क्षेत्र में भी तलाश की जा रही है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का दावा कर रही है।

**चार घंटे विलंब से रिपोर्ट**-लूट की वारदात दोपहर 1 बजे की बताई जा रही है, लेकिन दीपेश घटना के 4 घंटे बाद पुलिस थाना पहुंचा। शाम 5 बजे बम्हनीडीह थाना पहुंचकर दीपेश ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट कराने में इतनी देरी करने से घटना को लेकर पुलिस को संदेह भी हो रहा है। सवाल यह भी उठ रहा है कि दीपेश आखिर 4 घंटे तक क्या कर रहा था, और रिपोर्ट कराने में इतनी देरी क्यों हुई। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।


बयान दर्ज करते पुलिस।

### हर पहलू से हो रही जांच

पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है। नाकाबन्दी कर लुटेरों की पतासाजी की जा रही है। साथ ही सीसी टीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं।

**-विजय कुमार पाण्डेय ,**
एसपी, जांजगीर चाम्पा

# बिना परमिट के बस का हो रहा था संचालन, काटा 5 हजार का चालान



जब्त बस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

बिना परमिट के बस संचालन पर कार्रवाई करते हुए चांपा पुलिस ने संबंधित संचालक से 5 हजार रुपए का जुर्माना वसूल किया है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार 31 जुलाई की रात रेलवे स्टेशन क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक बिना परमिट चल रही बस को जब्त किया है। यह कार्रवाई स्थानीय ऑटो संघ की शिकायत पर की गई, जिसमें बताया गया था कि एक निजी यात्री बस बिना वैध परमिट के चांपा रेलवे स्टेशन आकर सवारियां बिठा रही है। बस अम्बिकापुर से जांजगीर की ओर जाने वाली आदर्श बस सीजी 15 डीक्यू 4042 है। जिसे चांपा थाना की पेट्रोलिंग टीम ने रेलवे स्टेशन से पकड़कर थाना परिसर लाया। ऑटो संघ ने सुबह चांपा एसडीओपी यदुमणि सिदार और टीआई जे पी गुप्ता को ज्ञापन सौंपते हुए उक्त बस लंबे समय से नियमों का उल्लंघन कर रही है और यदि इस पर कार्रवाई नहीं होती, तो उन्हें आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। चांपा थाना प्रभारी जे. पी. गुप्ता ने बताया कि, पकड़ी गई बस बिना वैध यातायात परमिट के चांपा रेलवे स्टेशन पहुंची थी। परिवहन नियमों के उल्लंघन के चलते बस पर 5 हजार का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने आगे से ऐसी कोई भी बस या वाहन जो परमिट नियमों का उल्लंघन करेगा, उस पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# एक दर्जन से अधिक संस्थानों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




■ तंबाकू युक्त पदार्थ बेचने पर कोटपा अधिनियम के तहत कार्रवाई

औषधी प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही की। जिसके तहत शिवरीनारायण क्षेत्र के 14 संस्थानो में दबिश देकर चालानी कार्यवाही करते हुए। संबंधितो से जुर्माना वसुल किया गया है। साथ ही साथ दुकानो में एक्सपायरी सामान पाए जाने पर सख्त कार्यवाही करने की चेतावनी भी दी।

गौरतलब है कि औषधि प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा ड्रग कंट्रोलर दीपक जायसवाल एवं जिला औषधी नियंत्रक रविन्द्र गेंदले के मार्गदर्शन में औषधी निरीक्षक हितेन्द्र बाम्बोडे एवं नेहा मिंज के द्वारा गुरूवार 31 जुलाई को शिवरीनारायण क्षेत्र के केरा, खरौद, मुडपार, दुरपा सहित अन्य गांवो के पान दुकान, पान मशाला केन्द्र, किराना दुकान सहित अन्य करीब 14 संस्थानो में दबिश देकर तंबाकू उत्पाद प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए धारा 3 एवं 4 के तहत कार्यवाही करते करने के उदेश्य से दुकानो में दबिश दी। इस दौरान संबंधित संस्थानो में नियमो का उलंघन मामले में कार्यवाही करते हुए दुकान संचालको से 2 हजार 600 सौ का जुर्माना वसुल किया गया है। इन दिनो औषधी प्रशासन विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा मेडिकल, पान दुकान, पान मशाला केन्द्र, किराना दुकान सहित अन्य संस्थानो में लगातार कार्यवाही की जा रही है। साथ ही साथ एक्सपायरी सामान पाए जाने पर उसे नष्टीकरण भी कराया जा रहा है। हाल के ही कुछ दिनो पूर्व संयुक्त टीम के द्वारा जांजगीर एवं सक्ती जिले के मेडिकल संस्थानो मे कार्यवाही करते हुए मेडिकल दुकानो में कितने सामनो की बिक्री एवं खरीदी को लेकर भी बनाए गए रजिस्टरो की जांच पडताल की गई थी। वही इसके पूर्व भी दर्जन भर से अधिक मेडिकल दुकानो पर निलंबन की कार्यवाही करने का मामला सामने आ चुका है।

### जारी रहेगी कार्रवाई

विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शिवरीनारायण क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक दुकानो में कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए संबंधित दुकान संचालको से जुर्माना वसुल किया गया है।

**-रविन्द्र गेंदले,**
जिला औषधी नियंत्रक, जांजगीर

### बम्हनीन में सट्टा खेलाने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**अकलतरा।** ग्राम बम्हनीन में सट्टा खेलाने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उसे गिरफ्तार। किया गया। इस संबंध में पुलिस से यह जानकारी मिली कि मुखबिर से यह सूचना मिली कि ग्राम बम्हनीन में महेंद्र कुमार भारद्वाज के द्वारा सट्टा खिलाया जा रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा महेन्द्र भारद्वाज की पता शादी करते हुए छापेमारी की गई जिस पर महेंद्र भारद्वाज सट्टा खेलाते मिला। छापेमारी के दौरान महेंद्र भारद्वाज के कब्जे से एक हरे रंग का पेन, लाईनदार कागज जिसमें अंको के माध्यम से 5 हजार रुपए का सट्टा पट्टी लिखा हुआ बरामद कर आरोपी के विरुद्ध धारा 06 छ.ग. जुआ प्रतिषेध अधि.2022 का घटित करना सबूत पाए जाने से विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। कार्यवाही मे निरीक्षक भास्कर शर्मा सहित स्टाफ का योगदान रहा।

# नहीं मिला इलाज, सर्पदंश पीड़ित मासूम की मौत


चिकित्सक से चर्चा करते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

एक मासूम को सर्प काटने के बाद अस्पताल लाया गया, लेकिन वहां मौजूद स्टाफ ने डॉक्टर नहीं होने की बात कहते हुए निजी अस्पताल ले जाने की सलाह दी। इस चक्कर में मासूम की जान चली गई। मामले में परिजनों ने आरोप लगाया है। वहीं भाजपा के पदाधिकारियों ने डॉक्टरों से जवाब मांगा है।

मिली जानकारी के अनुसार भोजपुर निवासी आयुष देवांगन की 29 जुलाई की रात सांप ने काट लिया। बाद में उसकी मौत हो गई। बीडीएम अस्पताल पहुंचने पर समय पर उपचार नहीं होने से मौत का आरोप परिजनों ने लगाया है। परिजनों का आरोप है कि समय रहते उचित इलाज नहीं मिलने से आयुष की जान चली गई। इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष समेत कई भाजपा नेता अस्पताल पहुंचे और डॉक्टरों से जवाब-तलब किया। परिजनों ने कहा कि जिस वक्त आयुष को अस्पताल लाया गया, उस समय ड्यूटी डॉक्टर मौजूद नहीं थे, वहीं स्टाफ नर्स ने वैक्सीन न होने की बात कहते हुए मरीज को निजी अस्पताल ले जाने की बात कही। इस मामले पर अस्पताल के प्रभारी ने कहा कि अस्पताल में सांप काटने की वैक्सीन उपलब्ध है, और अगर किसी स्टाफ ने वैक्सीन नहीं होने की बात कही है, तो यह गंभीर लापरवाही है। इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी जाएगी और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## प्रसाधन के लिए जाने वाले मरीज व परिजनों को होती है परेशानी

# जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल में सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सक्ती जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे है। स्थिति यह है कि मरीज एवं उनके परिजनों को पेयजल व्यवस्था से लेकर प्रसाधन की समस्या से जूझना पड़ता है। इसे लेकर जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को कोई सरोकार नहीं है। जिसके चलते संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ है।

ज्ञात हो कि सक्ती जिले के सबसे बड़े जिला अस्पताल में साफ सफाई व्यवस्था भगवान भरोसे चल रहा है। स्थिति यह है कि मरीज एवं उनके परिजनों को पेयजल व्यवस्था से लेकर प्रसाधन की समस्या से जूझना पड़ता है। अस्पताल में सुलभ शौचालय की हालत बद से बदतर हो चुकी है। जगह जगह से पानी का रिसाव हो रहा है। जिला अस्पताल सकती साफ सफाई के नाम पर कही कुछ नजर नहीं आता। खास बात यह है कि सिविल सर्जन के सामने कक्ष में गंदगी का आलम है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग के अफसर ध्यान नहीं दे र हे है।


जिला अस्पताल की फर्श पर बह रहा गंदा पानी।

### बिना परमिट वाले वाहनों का चिरायु योजना में कर रहे संचालन

सक्ती जिला चिकित्सालय में नियमों कि अनदेखी कर केन्द्र सरकार की चिरायु योजना में मनमानी करने की शिकायत सामने आई है। कलेक्टर को शिकायत पत्र सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। शिकायत में सचिन सोनी, कबीर बघेल, अजय कुमार, देवाशीष ने आरोप है कि चिरायु योजना में जो वाहन का प्रयोग किया जा रहा है, उसमें निविदा कि शर्तों का पालन नही किया जा रहा है। बिना टैक्सी परमिट के वाहन का उपयोग किया जा रहा है। 3 साल से ज्यादा पुरानी वाहन का संचालन चिरायु योजना में किया जा रहा है। जिसमें विभाग के अधिकारी और कर्मचारी और अपने करीबी लोगो का वाहन को चिरायु योजना में लगाकर लाग बुक में रनिंग से अधिक किमी दर्ज कर अपने लोगो को फायदा पहुंचाया जा रहा है। यह खेल विगत 3 वर्षों से अधिक समय से चल रहा है जिसमें विभाग के पूर्व सीएमएचओ एवं वर्तमान बीएमओ की संलिप्तता का आरोप लगाया गया है। विभाग के एनएचएम के कर्मचारी द्वारा लोगो को किसी भी प्रकार से जानकारी देने में असमर्थता जाहिर की जाती है। शिकायतकर्ताओं ने कलेक्टर को लिखित आवेदन सौंपकर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। साथ ही 15 दिवस में जांच व उचित कार्यवाही नहीं होने कि दशा में आमजन द्वारा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी गई है।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass) • FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3, बलौदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444



# पर्दे पर दिखेगी सुरों के जादूगर रफी की कहानी

**मुंबई।** भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के दिग्गज सिंगर मोहम्मद रफी वो आवाज हैं, जो पीढ़ी दर पीढ़ी अपना जादू बिखेर रहे हैं। उनकी आवाज और गाने आज भी उतने ही पसंद किए जाते हैं, जितने उनके दौर में किए जाते थे। निर्देशक उमेश शुक्ला ने घोषणा की है कि वे रफी साहब की बायोपिक पर काम कर रहे हैं। अब रफी के बेटे शाहिद रफी ने बताया कि वो खुद इस फिल्म से बतौर निर्माता जुड़े हैं। उन्होंने कहा, मैंने यह तय किया था कि अब्बा की बायोपिक तभी बननी चाहिए, जब इसे सच्चाई और ईमानदारी से बनाया जाए। मेरे लिए यह सिर्फ एक फिल्म नहीं, बल्कि मेरे अब्बा की जिंदगी को दुनिया के सामने लाने का जरिया है।

लाइफ Style

# रोशनी

## कभी नहीं किया सनकियों वाला इश्क



टीवी एक्ट्रेस रोशनी वालिया ने हाल ही में प्यार और रिश्तों पर खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें कभी प्यार में दिल टूटने का अनुभव नहीं हुआ। रोशनी ने रिश्तों में सम्मान को सबसे जरूरी बताया। उनका मानना है कि कम उम्र के रिश्ते अक्सर मैच्योर नहीं होते हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

टीवी एक्ट्रेस और 'सन ऑफ सरदार 2' स्टार रोशनी वालिया ने अपने हालिया इंटरव्यू से हर तरफ शोर मचा रखा है। पहले उन्होंने अपनी मां की सलाह के बारे में बात की थी और अब प्यार को लेकर बोलीं। उन्होंने अपनी जिंदगी में प्यार, दिल टूटने और व्यक्तिगत सीमाओं के बारे में बात की। अपनी कम उम्र के बावजूद मैच्योर और जमीनी नजरिए के लिए जानी जाने वाली रोशनी ने उन बातों पर अपना पक्ष रखा, जिन पर बोलने से युवा अक्सर कतराते हैं। दिल टूटने के बारे में बात करते हुए, रोशनी वालिया ने शेयर किया, 'मैं कभी नहीं रोई... मैं यह नहीं कहूंगी कि चार दिनों तक रोना दिल टूटना है।' उन्होंने खुलासा किया कि जब उन्होंने पारिवारिक परिस्थितियों में दर्द का सामना किया है, तो रोई हैं, लेकिन रोमांटिक रिश्ते में चोट खाकर कभी नहीं रोईं। रोशनी ने कहा, 'कोई दिल नहीं टूटा? परिवार के बारे में? हां। हुआ है, लेकिन यंग लव? नहीं, मैं हमेशा छोटी थी।' प्यार के प्रति उनका नजरिया काफी अलग है। रोशनी ने कहा, 'मैंने इतना प्यार किया कि मैं पागल हो गई... मैं बर्बाद हो गई... और मैं सांस नहीं ले पा रही थी। ऐसा कभी नहीं हुआ।' वह इस स्पष्टता का श्रेय अपनी गहरी समझ को देती हैं कि कम उम्र में रिश्ते अक्सर पल भर के लिए होते हैं।

हॉलीवुड मसाला

# निक जोनस ने शेयर कीं तस्वीरें



**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी गायक, गीतकार और अभिनेता निक जोनस और एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। गुरुवार को निक ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर बेटी मालती मैरी और पत्नी प्रियंका के साथ कुछ शानदार तस्वीरें शेयर की हैं। निक की इन तस्वीरों पर प्रियंका ने प्यारा कमेंट कर फैंस का दिल जीत लिया है। प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस ने जुलाई में अपनी बेटी मालती मैरी के साथ समुद्र तट पर और ब्रॉडवे शो में मजेदार समय बिताया।




# जर्मन इंफ्लूएंसर यूनुस को चर्च स्ट्रीट से हटाया

**मुंबई।** जर्मन सोशल मीडिया स्टार यूनुस जारू को बुधवार शाम को बेंगलुरु पुलिस ने चर्च स्ट्रीट से जबरदस्ती हटाया। उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में भी लिया गया। यूनुस जारू के दौरे के दौरान उनके चारों ओर भीड़ जमा हो गई थी। इससे पहले सिंगर एड शीरन को बिना इजाजत चर्च स्ट्रीट पर प्रदर्शन करने से रोका गया था। पुलिस ने बताया कि जारू जिनके इंस्टाग्राम पर 21 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, एक बड़े समारोह के लिए बिना किसी इजाजत चर्च स्ट्रीट गए थे। हालांकि, वहां जाने से कुछ समय पहले उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट डाली थी, जिसमें लिखा था 'हम चर्च स्ट्रीट आ रहे हैं।' पोस्ट की वजह से भारी भीड़ जमा हो गई। इससे व्यस्त इलाके में जन सुरक्षा को लेकर चिंताएं पैदा हो गईं।



# अलमारी का अचार ने जीता अवार्ड...

**नई दिल्ली।** शॉर्ट फिल्म 'अलमारी का अचार' की खूब तारीफ हो रही है, जिसे राकेश रावत ने निर्देशित किया है। फिल्म का जर्मनी में आयोजित 22वें इंडियन फिल्म फेस्टिवल स्टटगार्ट 2025 में वर्ल्ड प्रीमियर हुआ। फेस्टिवल के दौरान फिल्म ने 'बेस्ट शॉर्ट फिल्म' का जर्मन स्टार ऑफ इंडिया अवॉर्ड जीतकर ग्लोबल लेवल पर भारत का नाम रोशन किया है। इसे दुनियाभर की कई बेहतरीन शॉर्ट फिल्मों के बीच से चुना गया। फिल्म की कहानी एक रूढ़िवादी भारतीय समाज के बीच समलैंगिक कपल की इमोशनल जर्नी बयां करती है। समाज और परिवार की उम्मीदों के बोझ के बीच उनका रिश्ता कैसे अपनी पहचान के लिए स्ट्रगल करता है, कहानी इस पर आधारित है। फिल्म में अहम भूमिकाओं में मनवेन्द्र त्रिपाठी और मनोज शर्मा हैं।



# वॉर-2 का पहला गाना आवां-जावां रिलीज

**नई दिल्ली।** फिल्म वॉर-2 के मेकर्स ने गुरुवार को सोशल मीडिया पर पहला गाना 'आवां जावां' रिलीज कर दिया है, जिसमें कियारा आडवाणी और ऋतिक रोशन की शानदार केमिस्ट्री देखने को मिल रही है। 4 मिनट के गाने में ऋतिक और कियारा रोमांस करते हुए नजर आ रहे हैं। दोनों के डांस स्टेप्स को काफी पसंद किया जा रहा है। वहीं, कियारा का गोल्डन लुक भी लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। ब्रह्मास्त्र: पार्ट वन के हिट गाने केसरिया की टीम ने इस गाने को अपने सुरों से सजाया है। आवाज निकिता गांधी और अरिजीत सिंह की है। वहीं, संगीत प्रीतम का है और गीतकार अभिजीत भट्टाचार्य हैं। यह एक रोमांटिक गाना है, जो लोगों को बहुत पसंद आ रहा है। यूट्यूब पर रिलीज होने के सिर्फ एक घंटे के भीतर 284,855 बार देखा जा चुका है।

टीवी मसाला



# 'क्योंकि सास भी 2' में मंदिरा की होगी एंट्री, तुलसी की बढ़ेंगी मुश्किलें

**नई दिल्ली।** टीवी का पॉपुलर शो 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी 2' में इस बार भी पहले सीजन में डॉक्टर मंदिरा कपाड़िया की वापसी की खबरें आ रही हैं। इस रोल को एक्ट्रेस मंदिरा बेदी ने निभाया था। ऐसे में अब 25 साल बाद मंदिरा को फिर से नए किरदार में देखा जा सकता है। शो के पहले सीजन में मंदिरा ने मिहिर विरानी यानी अमर उपाध्याय की गर्लफ्रेंड का रोल किया था। मंदिरा ने तुलसी विरानी की जिंदगी में पूरी तरह से हलचल मचा दी थी। हालांकि शो में मंदिरा का रोल छोटा था, लेकिन प्रभावी था। हालांकि, अभी तक कुछ भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। 'क्योंकि 2' के स्टार कास्ट की बात करें तो इसमें स्मृति ईरानी के अलावा सुधा शिवपुरी, गौरी प्रधान, हितेन तेजवानी,अमर उपाध्याय,शक्ति आनंद, रितु चौधरी, कमलिका गुहा,भाटिया-वर्धन पटेल, प्राची सिंह-अनादि पटेल और बरखा बिष्ट जैसे कलाकार नजर आ रहे हैं। शो के पहले एपिसोड की बात करें तो वीरानी परिवार तुलसी और मिहिर अपनी मैरिज एनिवर्सरी की तैयारी करते नजर आए।सीरियल में ट्विस्ट तब आता है, जब मिहिर तुलसी को सरप्राइज में कार गिफ्ट करता है। दरअसल, सबको लगता है कि मिहिर को वेडिंग एनिवर्सरी के बारे में मालूम नहीं था, लेकिन वो इस खास दिन को भूलने का नाटक कर रहा था।

## कोरियन सीरीज ने बदल दी लोगों की जिंदगी!

**नई दिल्ली।** कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिनका असर देर से होता है। लेकिन जब होता है, तो वह लंबे समय तक साथ चलती है। के-ड्रामा की दुनिया में वैसे तो एक से बढ़कर एक वेब शोज हैं, लेकिन इस भीड़ में एक सीरीज ऐसी भी है, जिसे पहले तो किसी ने ज्यादा तवज्जो नहीं दी। लेकिन, जब लोगों ने इसे देखना शुरू किया, तो 16 एपिसोड कैसे बीत गए, पता ही नहीं चला। यह सीरीज 2018 में रिलीज हुई थी। जब आई तब दक्षिण कोरिया में इसको लेकर विवाद भी हुआ। लेकिन, दर्शकों ने इसे भरपूर प्यार दिया। सीरीज का नाम है 'माय मिस्टर', जिसकी शुरुआत भले ही अंधेरी और उदास सी हो, लेकिन अंत बेहद खूबसूरत और सुकून देने वाला है। माय मिस्टर भावनाओं के संघर्ष को जिस ईमानदारी से दिखाती है, आप भी उसके कायल हो जाएंगे। माय मिस्टर में ली सन-क्यू और ली जी-यूं लीड रोल में हैं। इस कोरियन ड्रामा सीरीज के डायरेक्टर किम वोन-सियोक हैं। कहानी पार्क हे-यंग ने लिखी है और चोरोकबाम मीडिया ने इसका निर्माण किया है। यह सबसे पहले 21 मार्च से 17 मई 2018 तक टीवीएन पर प्रसारित हुई थी।



# विजय देवरकोंडा का 'साम्राज्य' दर्शकों को आया पसंद

**मुंबई।** साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा अपनी नई फिल्म 'किंगडम' के साथ सिनेमाघरों में वापसी कर चुके हैं। 31 जुलाई को फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे चुकी है। हिंदी में फिल्म को 'साम्राज्य' के नाम से रिलीज किया गया है। लंबे समय से फ्लॉप फिल्मों का सामना कर रहे विजय के लिए ये फिल्म उनके कॅरियर की सबसे अहम मोड़ साबित हो सकती है। इस फिल्म को अब तक दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म में विजय के अभिनय को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस अब अलग-अलग तरह से अपने रिएक्शन्स दे रहे हैं।

***जासूसी की दुनिया में सूरी बनकर छा गए*** : फिल्म किंगडम में विजय देवरकोंडा एक सीक्रेट मिशन पर निकले भारतीय जासूस सूरी के किरदार में नजर आते हैं। पूरी फिल्म में विजय इतनी गहराई से किरदार में उतरते हैं कि दर्शकों को स्क्रीन पर सिर्फ सूरी दिखाई देता है, विजय नहीं। यही बात कई सोशल मीडिया यूजर्स ने एक्स पर की है और फिल्म को लेकर अपनी प्रतिक्रियाएं दी हैं।



### फिल्म के इमोशनल सीन्स की तारीफ

हालांकि, फिल्म एक एक्शन-थ्रिलर है, लेकिन इसका दिल छूने वाला पहलू इसके इमोशनल सीन हैं, जो विजय की अदाकारी को खुलकर दर्शकों के सामने लेकर आ रहे हैं। एक्स पर कई यूजर्स ने इस फिल्म के भावनात्मक सीन्स की जमकर तारीफ की है।

### सोशल मीडिया पर रिएक्शन्स

फिल्म को लेकर अब तक जितने भी रिएक्शन्स सामने आए हैं, उन्हें देखकर तो यही लगता है कि फिल्म लोगों को पसंद आ रही है। एक यूजर ने तो इस फिल्म को इस साल की सबसे शानदार फिल्म बता दिया। यूजर ने लिखा- किंगडम एक भावनाओं से भरपूर फिल्म है- गौतम ने भावनाओं को बेहतरीन तरीके से प्रस्तुत किया है। अब तक की साल की सबसे बेहतरीन फिल्म! वहीं, एक दूसरे यूजर ने लिखा- विजय देवरकोंडा इस फिल्म से बहुत नाम और इज्जत कमाने वाले हैं। उन्होंने फिल्म में बेहतरीन काम किया है। एक और यूजर ने फिल्म की तारीफ करते हुए लिखा- किंगडम पूरी तरह से ब्लॉकबस्टर फिल्म है। विजय देवरकोंडा मुख्य भूमिका में दमदार चमकते हैं, निर्देशक ने एक मजबूत कहानी दी है।

# आशा पारेख, वहीदा रहमान और हेलेन एक साथ...



***मुंबई।*** *गुजरे जमाने में आशा पारेख, वहीदा रहमान और हेलेन जैसी एक्ट्रेसेस बॉलीवुड पर राज किया करती थीं। आज भले ही उनकी उम्र ढल चुकी है, लेकिन फैंस का कहना है कि वे अभी भी खूबसूरत और हसीन दिखती हैं। उनकी एक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इसमें तीनों डिनर करती दिख रही हैं। फैंस उन्हें एकसाथ देखकर गदगद हो गए हैं। एक ने कहा- ओल्ड इज गोल्ड। आशा पारेख के नाम से इंस्टाग्राम अकाउंट पर इस तस्वीर को शेयर किया गया है। इसमें वहीदा, आशा और हेलेन एक साथ हैं। वे किसी रेस्त्रां में डिनर कर रही हैं। उनकी ये तस्वीर खूब वायरल हो रही है। इस फोटो को देख एक फैन ने कहा, 'लेजेंड लेडीज एकसाथ एक फ्रेम में।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'आह, वो जमाना था जब क्लास और खूबसूरती के साथ-साथ अपार प्रतिभा भी थी।' एक और फैन ने कहा, 'हिंदी सिनेमा के विशुद्ध कलाकार, सभी पीढ़ियों के लिए सच्ची 'अदाकारा'।*

## कई बड़ी फिल्में और वेब सीरीज भी अलग-अलग प्लेटफॉर्म पर देंगी दस्तक

# अगस्त में आ रहे ये नए रियलिटी शोज करेंगे भरपूर मनोरंजन

***नई दिल्ली।*** *अगस्त के महीने में सन ऑफ सरदार 2 और धड़क 2 से लेकर वॉर 2 जैसी कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा कई वेब सीरीज भी इस महीने अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक देने वाली हैं। लेकिन, इन फिल्मों और वेब सीरीज के अलावा कई टीवी रियलिटी शो भी इस महीने आपके मनोरंजन के लिए दस्तक देने वाले हैं। जानते हैं लिस्ट में कौन-कौन नाम शामिल हैं।*

### पति-पत्नी और पंगा




पति पत्नी और पंगा जोड़ियों का रियलटी चेक, इस रियलिटी शो में सेलिब्रिटी जोड़े मजेदार खेलों, चुनौतियों और अपने बारे में खुलकर बातचीत में हिस्सा लेंगे, जो उनके रिश्ते की डायनेमिक्स को दिखाएगा। इस शो को बॉलीवुड एक्ट्रेस सोनाली बेंद्रे और कॉमेडियन मुनव्वर फारुकी होस्ट करते नजर आएंगें। यह शो 2 अगस्त से कलर्स पर टेलीकास्ट होगा।

### छोरियां चली गांव

जीटीवी जल्द ही एक नया रियलिटी शो लेकर आ रहा है, लेकिन इस शो का कॉन्सेप्ट बिल्कुल अलग और नया होने वाला है। शो का नाम है 'छोरियां चली गांव।' इस शो में टीवी की ग्लैमर्स एक्ट्रेसेज इंडस्ट्री के ग्लैमर और चकाचौंध को छोड़कर गांवों की जिंदगी और वहां के तौर-तरीकों और वहां के रहने के रहन-सहन को अपनाएंगी। मिट्टी, खेत, देसी खाना और गांव के रीति-रिवाजों के बीच ये सेलेब्स कैसे खुद को ढालते हैं, यही इस शो की खास बात होगी। इस शो को रोडीज फेम रणविजय सिंह और कॉमेडियन सुमुखि सुरेश होस्ट करेंगे। इसके अलावा शो में बतौर कंटेस्टेंट अनीता हसनंदानी, ऐश्वर्या खरे, अंजुम फकीह, कृष्णा श्रॉफ, चाहत खन्ना, चिंकी-मिंकी यानी सुरभि-समृद्धि और ईशा मालवीय नजर आएंगी। इस शो का प्रीमियर 3 अगस्त से जीटीवी पर होगा।



### कौन बनेगा करोड़पति

टेलीविजन की दुनिया का सबसे मशहूर रियलिटी शो 'कौन बनेगा करोड़पति' का नया सीजन एक बार फिर दर्शकों के मनोरंजन के लिए तैयार है। एक बार फिर महानायक अमिताभ बच्चन हॉट सीट पर बैठे लोगों का स्वागत करने के लिए तैयार हैं। केबीसी का 17वां सीजन 11 अगस्त से सोनी टीवी पर टेलीकास्ट होने जा रहा है। शो का प्रोमो भी सामने आ चुका है। दर्शक इस शो का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### बिग बॉस 19

सबसे लोकप्रिय रियलिटी शो में शामिल बिग बॉस फिर से अपने 19वें सीजन के साथ वापस आ रहा है। एक बार फिर सलमान खान शो को होस्ट करते नजर आएंगे। हालांकि, इस बार बिग बॉस में कई बदलाव नजर आएंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बार का फॉर्मेट न सिर्फ पूरी तरह से नया होगा, बल्कि शो के लोकप्रिय डायलॉग और कंटेस्टेंट्स के रोल्स में भी अहम फेरबदल किया गया है। जहां हर सीजन में 'बिग बॉस चाहते हैं' सुनने को मिलता था, वहीं इस बार दर्शकों को सुनाई देगा, 'बिग बॉस जानना चाहते हैं।' इस बार शो को सिर्फ सलमान खान नहीं, बल्कि दो और नामी चेहरों के साथ होस्ट किया जाएगा। शो का फर्स्ट लुक भी सामने आ चुका है। हालांकि, अभी तक शो के टेलीकास्ट की तारीख सामने नहीं आई है और न ही कंटेस्टेंट के ऑफिशियल नामों का खुलासा हुआ है। हालांकि, उम्मीद है कि अगस्त के महीने के अंत तक बिग बॉस 19 आ सकता है।

**खबर संक्षेप**

## संगठन विस्तार को लेकर आगामी दिनों में हर वार्ड में होगी बैठक



**जांजगीर-चांपा।** महिला संगठन के विस्तार को लेकर अंबेडकर सामुदायिक भवन में नगर कांग्रेस अध्यक्ष द्वारा एक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान संगठित होकर कांग्रेस के पक्ष पर कार्य करने पर जोर दिया गया। साथ ही आगामी दिनों में हर वार्ड में बैठक आयोजित करने का निर्णय लिया गया। महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्रीमती सीमा शर्मा के आदेश पर गुरुवार 31 जुलाई को वार्ड नंबर 21 के अंबेडकर सामुदायिक भवन में नगर अध्यक्ष महिला श्रीमती शशिकांत हंसेलिया ने एक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष ने कहा कि महिलाओं को संगठित होकर कांग्रेस के पक्ष पर कार्य करने पर जोर दिया एवं आगामी दिनों में हर वार्ड में बैठक आयोजित किया जाएगा ताकि महिला संगठन का विस्तार हो सके। जिला उपाध्यक्ष वर्षा सिंह ने कांग्रेस की रीति-नीति पर प्रकाश डाला। महिला नगर अध्यक्ष शशिकांत हंसेलिया ने कहा कि मेरे को जो दायित्व दिया गया है उसे मैं निष्ठा के साथ पूरा करूंगी। इस कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष भगवान दास भी महिलाओं को संगठित होने हेतु कहा। बैठक में जिला उपाध्यक्ष वर्षा सिंह, रेखा लदेर वार्ड नंबर 2 की पार्षद जागेश्वरी सूर्यवंशी परमेश्वर निर्मले छाया पार्षद जय कुमार संध्या निर्मलकर दीपशिखा हंसेलिया संतोषी साहू दुर्गेश्वरी यादव छाया राठौर अनीता ठाकुर प्रेम यादव राजकुमारी श्रीवास रोशनी मुन्नी दुर्गा यादव शशि राठौर एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थी।

## 22 वर्षों तक देश की सेवा कर गांव लौटने पर ग्रामीणों ने किया स्वागत



**देवरी-सारागांव।** 22 वर्षों तक देश की सेवा कर सेवानिवृत्त होकर गांव लौटने पर जवान को ग्रामवासियों ने सम्मान समारोह आयोजित कर उनका आत्मीय स्वागत किया। ग्राम पंचायत कुम्हारीकला निवासी भारतीय सेना (आर्मी ) के जवान संतोष कुमार बरेठ ने देश की सेवा करते हुए लगातार 22 वर्षों तक सेना में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शुक्रवार 1 अगस्त को उनके सेवानिवृत्त होने पर ग्रामवासियों द्वारा सम्मान समारोह आयोजित कर उनका आत्मीय स्वागत और सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच राजेश कुमार चौहान, साहू हेल्पलाइन के संस्थापक अशोक कुमार साहू, संजय कुमार साहू, प्रवीण बरेठ, बुधराम बरेठ, दिलीप कुमार बरेठ, लते बरेठ, अरुण गबेल, ललित बरेठ, रविन्द्र गबेल एवं अन्य ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने संतोष कुमार बरेठ के सेवाभाव और समर्पण को सराहते हुए उन्हें सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों एवं सम्मान पत्र के माध्यम से सैनिक को सम्मानित किया गया, जिससे माहौल गौरवपूर्ण हो उठा।

## निधन

### संत कुमार बंजारे



**जांजगीर चांपा।** ग्राम बम्हनीन निवासी बाल्को के सेवानिवृत कर्मचारी संत कुमार बंजारे की 68 वर्ष की उम्र में 29 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। स्व. श्री बंजारे पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश की ज्येष्ठ भ्राता थे। पांच भाई और दो बहनों में सबसे बड़े थे। वे अपने पीछे भरपूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में हुआ।

### धरम लाल साहू



**गोधना ।** आदर्श ग्राम गोधना के प्रतिष्ठित नागरिक धरम लाल साहू का आकस्मिक निधन शनिवार 26 जुलाई को हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उन्हें मुखाग्नि उनके ज्येष्ठ पुत्र शंभू साहू ने दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए।

### कौशल्या देवी केडिया



**चांपा।** स्थानीय अग्रवाल समाज के प्रतिष्ठित एवं वरिष्ठ नागरिक सदर बाजार डोंगाघाट मार्ग निवासी ओम केडिया की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या देवी केडिया का शुक्रवार 1 अगस्त को सुबह 5 बजे बिलासपुर के एक निजी हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 68 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती केडिया विगत कुछ अर्से से बीमार चल रही थी। वे अपने पीछे तीन पुत्रों एवं एक पुत्री का परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार अपरान्ह 4 बजे हसदेव नदी के पश्चिमी तट पर स्थित मारवाड़ी मुक्तिधाम में किया गया, जहां बड़ी संख्या में परिजन, सजातीय बंधुओं समेत गणमान्य नागरिक मौजूद थे। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र दीपक केडिया ने दी।

### खरपतवार होने से फसल को पहुंचता है नुकसान

# झमाझम बारिश के बाद खेतों में लौटी रौनक, निंदाई कार्य में जुटे किसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तुस्मा

नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम तुस्मा सहित क्षेत्र के अनेक गांवों के किसान इन दिनों खेतों में निंदाई कार्य में पूरी तरह से जुट गए हैं। हाल ही में हुई झमाझम बारिश के कारण खेतों में पर्याप्त मात्रा में पानी आ गई है,जिससे निंदाई जैसे कृषि कार्यों में किसानों को अब विशेष परेशानी नहीं हो रही है। वर्षा के बाद खेतों में हरियाली छा गई है और फसलें तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में खरपतवारों की भी अधिकता देखी जा रही है, जिनकी सफाई के लिए किसान निंदाई में जुटे हुए हैं।

गौरतलब है कि इस वर्ष बारिश के शुरुआत में क्षेत्र में कुछ स्थानों पर सूखे जैसे हालात बनने लगे थे। कई किसान समय पर बोनी नहीं कर पाए थे और जो बोनी कर चुके थे उनकी फसलें पानी की कमी से सूखने लगी थीं, लेकिन जुलाई के तीसरे सप्ताह में हुई अच्छी बारिश ने किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौटा दी है। अब खेतों में पर्याप्त नमी और पानी के चलते निंदाई कार्य में तेजी आई है और किसान पूरे उत्साह के साथ दिनभर खेतों में मेहनत कर रहे हैं। तुस्मा गांव के किसान छवि पटेल ने बताया कि इस बार उन्होंने धान की प्रजाति 'सरना धान बोई है। बारिश से पहले खेत सूखे थे,लेकिन अब स्थिति सामान्य हो गई है। उन्होंने कहा निंदाई के लिए खेत में नमी जरूरी होती है,वरना काम मुश्किल हो जाता है।



खेतों में निंदाई कार्य में जुटे किसान।



लेकिन अब बारिश के बाद यह काम आसान हो गया है। इसी प्रकार ग्राम की महिलाओं ने भी बताया कि वे लोग प्रतिदिन सुबह 6 बजे से खेत में निंदाई के कार्य में जुट जाती हैं और दोपहर तक काम करती हैं। उन्होंने बताया कि इस समय खरपतवार की बहुत अधिकता हो जाती है और समय पर निंदाई नहीं करने से फसल को नुकसान होता है। ऐसे में यह कार्य बहुत जरूरी हो जाता है। ज्ञात हो कि गांव के अधिकांश किसान अब खेती के आधुनिक तरीकों को अपनाने लगे हैं,लेकिन निंदाई जैसे कार्य आज भी परंपरागत तरीके से ही किए जाते हैं। इससे जहां मजदूरों को रोजगार मिलता है,वहीं फसलों की गुणवत्ता में भी सुधार आता है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि निंदाई कार्य फसलों के विकास में अत्यंत आवश्यक होता है। यह न केवल फसल को खरपतवार से बचाता है बल्कि जमीन की उर्वरता और जल संरक्षण में भी सहायक होता है। उन्होंने किसानों को समय पर निंदाई करने और जैविक विधियों को अपनाने की सलाह दी है। कुल मिलाकर, नवागढ़ विकासखंड के तुस्मा गांव सहित क्षेत्र के किसान अब अच्छी वर्षा के बाद खेतों में व्यस्त हो गए हैं और निंदाई के कार्य को प्राथमिकता दे रहे हैं। उनकी मेहनत से यह उम्मीद की जा रही है कि इस बार उत्पादन बेहतर होगा और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी।



पटरी से उतरी मालगाड़ी।

## मड़वा पावर प्लांट नैला साइडिंग में मालगाड़ी बेपटरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

मड़वा पावर प्लांट नैला साइडिंग क्षेत्र में गुरुवार 31 जुलाई की दोपहर एक बड़ी रेल दुर्घटना टल गई, जब अनलोडिंग के पश्चात नैला की ओर रवाना हो रही मालगाड़ी के 9 डिब्बे पटरी से उतर गए। यह हादसा हॉपर ट्रैक पर, अपलोडिंग पॉइंट से लगभग 50 मीटर की दूरी पर घटित हुआ।

**खास बात**
- 9 डिब्बे पटरी से उतरे, कोई हताहत नहीं

प्राप्त जानकारी के अनुसार घटना उस समय हुई जब मालगाड़ी हॉपर में अनलोडिंग प्रक्रिया पूर्ण कर नैला की दिशा में बढ़ रही थी। अचानक ट्रेन का एक हिस्सा पटरी से उतर गया। हालांकि ट्रेन गार्ड की बोगी पटरी पर ही बनी रही, जिससे संभावित बड़ी क्षति टल गई। रेलवे विभाग की तकनीकी टीम मौके पर पहुंचकर डिब्बों को हटाने एवं ट्रैक को पुनः सुचारु करने की कार्रवाई में जुटी रही। दुर्घटना के कारण नैला साइडिंग क्षेत्र में रेल यातायात अस्थायी रूप से बाधित रहा। इस हादसे में कोई जान-माल की हानि नहीं हुई है। रेल प्रशासन ने मामले की विस्तृत जांच के आदेश दे दिए हैं।



## इग्नाइट स्कूल में दो और पूर्व माध्यमिक शाला में तीन शिक्षक की पदस्थापना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मालखरौदा

इग्नाइट इंग्लिश मीडियम स्कूल शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला हिंदी माध्यम तथा स्वामी आत्मानंद स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर जनपद सदस्य कुमार जितेंद्र बहादुर सिंह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश विश्वकर्मा मालखरौदा के साथ दो दर्जन से अधिक ग्रामीण एवं पालक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मालखरौदा को 21 जुलाई को ज्ञापन देकर 2 दिनों की भीतर शिक्षक व्यवस्था किए जाने का मांग किया था। साथ ही शिक्षक की व्यवस्था नहीं होने पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव किया जाने की बात कही गई थी। वीरे शिकायत के दूसरे ही दिन 22 जुलाई को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी ने आनन फानन में इग्नाइट स्कूल में दो और हिंदी माध्यम पूर्व माध्यमिक शाला में तीन शिक्षक की नियुक्ति कर दिया तो शिक्षकों की नियुक्ति की कॉपी शिकायतकर्ताओं को भी उपलब्ध करा दिया जिससे शिकायतकर्ताओ को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय घेराव का निर्णय बदलने पड़ गया। कुल मिलाकर कहा जाए स्वामी आत्मानंद स्कूल खुलने के बाद से मालखरौदा के लोगों को हिंदी माध्यम पूर्व माध्यमिक शाला तथा हायर सेकेंडरी स्कूल इग्नाइट स्कूल में रेगुलर शिक्षक नहीं होने के चलते बार-बार हर साल स्कूल खुलने के बाद विगत 3 साल से आंदोलन करना पड़ रहा है। ऐसे में स्कूली बच्चे, पालक ,शिक्षक तथा जनप्रतिनिधि इस शिक्षा विभाग के इस व्यवस्था से सभी परेशान हो रहे हैं। इस संबंध में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी एमएल प्रधान का कहना है कि इग्नाइट प्राथमिक शाला तथा शासकीय पूर्व माध्यमिक हिंदी माध्यम स्कूल में 2 -2 शिक्षकों की व्यवस्था कर दिया गया है।




## राज्य हज कमेटी के मांग पर बढ़ाई गई आवेदन की अंतिम तिथि

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य हज कमेटी के चेयरमेन मोहम्मद इमरान के द्वारा हज 2026 के लिये प्रदेश से जाने वाले इच्छुक हज यात्रियों से प्राप्त हो रही निरंतर पृच्छा को ध्यान मे रखते हुए उन्होने हज कमेटी ऑफ इंडिया के चीफ एक्ज़क्युटिव्ह ऑफिसर को पत्र प्रेषित कर हज आवेदन करने की अंतिम तिथि को आगे बढ़ाये जाने की मांग की थी। उनके आवेदन पर हज कमेटी ऑफ़ इंडिया मुंबई के सर्कुलर नंबर-6 से प्राप्त सूचना अनुसार हज 2026 के लिए ऑनलाइन हज आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई को आगे बढ़ाकर अब 7 अगस्त रात्रि 11:59 बजे तक निर्धारित किया गया है। मोहम्मद इमरान खान ने बताया कि इसके पश्चात अंतिम तिथि नहीं बढ़ाई जावेगी। उन्होंने कहा की, अंतिम तिथि के पश्चात जल्द ही कुर्राह की कार्यवाही हज समिति ऑफ़ इंडिया द्वारा पूर्ण की जाएगी।

## प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पहुंचे मारुती धाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तनौद

प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय मारुति धाम देव घाट देवरघटा में पूण्य श्रावण मास के अवसर पर पहुंचे। उन्होंने शिवनाथेश्वर महादेव का दर्शन पूजन उपरांत रुद्राभिषेक किया। साथ ही आश्रम परिसर में पौधे लगाए।

- शिवनाथेश्वर महादेव का किया दर्शन पूजन, आश्रम परिसर में लगाए पौधे

संगठन महामंत्री पवन साय का कोडाभाट मंडल क्षेत्रान्तर्गत देव तीर्थ लीलागर शिवनाथ नदी महानदी त्रिवेणी संगम में अनंत श्री विभूषित रामगोपाल दास महाराज के सान्निध्य में आगमन हुआ। उनके द्वारा शिवनाथेश्वर महादेव का दर्शन पूजन उपरांत रुद्राभिषेक किया गया। साथ ही एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम अन्तर्गत आश्रम परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर भाजपा ज़िलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजेन्द्र वैष्णव, भाजपा प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया, कोडाभाट मंडल अध्यक्ष शिवेंद्र प्रताप सिंह, संतोष अग्रवाल, मंडल महामंत्री उत्तम सोनी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रमिला अजय साहू, सनत साहू, रितेश सिंह सहित मंडल एवं जिले के वरिष्ठ कार्यकर्ता रजनी महावीर साहू सरपंच प्रतिनिधि ग्राम पंचायत तनौद कोमल पंच उपस्थित रहे।



प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री के आगनमन पर स्वागत करते कार्यकर्ता।

## दर्जन भर से अधिक सचिवों का स्थानांतरण तो कई को अतिरिक्त प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती




जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन ने जनपद सक्ति अंतर्गत आने वाले 14 ग्राम पंचायत के सचिवो का स्थानांतरण जनपद पंचायत सीईओ द्वारा दिए गए प्रस्ताव के आधार पर किया गया है तो कई सचिव को अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है।

बता दे नए सरपंच पंचों द्वारा शपथ ग्रहण करने के बाद से एक ही पंचायत में लंबे समय से जमें सचिवों का स्थानांतरण किए जाने की मांग उठता रहा है तो कई सचिवो का शिकायत भी था तो कुछ ने स्वयं आवेदन देकर स्थानांतरण की जाने की मांग किया था ऐसे में जनपद सीईओ ने 3 जुलाई को प्रस्ताव जिला पंचायत को भेजा था जिसके आधार पर जिला पंचायत द्वारा 30 जुलाई को जारी स्थानांतरण आदेश के अनुसार ग्राम पंचायत नंदौरखुर्द में पदस्थ श्रीमती राजेंद्र कुमारी कंवर को सोनगुड़ा ग्राम पंचायत में पदस्थ किया गया है तो नगरदा में पदस्थ सत्यनारायण राठौर को जेठा भेजा गया है इसी प्रकार खुटादहरा में पदस्थ फिरन लाल केवट को बैलाचुवा, राजेश कुमार जायसवाल गहरीमुड़ा को बासीन, श्रीमती उर्मिला भारद्वाज को नंदेली से हरदा, खेमचंरन राठौर केरीबधा को नंदौर खुर्द, सुरुति सिह हरदा को अचानकपुर, फिरत राम महंत ,को सोनगुड़ा से कुरदा ,जबकि राजकुमार यादव सुंदरेली को नगरदा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है इसी प्रकार प्रमोद लाल साहू पलाडीकला को खुटादहरा , उमेश कुमार सिदार मरकाम गोढी को केरीबंधा का ,विनोद कुमार बरेठ परसदाखुर्द को ग्राम पंचायत नंदेली राजेश कुमार पटेल नवापारा कला को अमलडीहा ,वीरेंद्र प्रताप जगत पतेरापाली को गहरीनमुडा का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है, लेकिन मजेदार बात यह है कि लगभग 15 साल से ग्राम पंचायत सोंठी में पदस्थ सचिव रामनारायण सिदार के स्थानांतरण का प्रस्ताव जनपद सीईओ द्वारा क्यों नहीं भेजा गया क्या कोई राजनीतिक दबाव है इसे लेकर पूरे जिले में चर्चा का विषय है।

## 16 हजार से अधिक सदस्य जोड़कर प्रदेश में प्राप्त किया प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

समाज सेवा और संगठन निर्माण मे लम्बे समय से सक्रिय इंजीनियर रवि पाण्डेय को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के हाथों सदस्यता रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया जायेगा। यह सम्मान उन्हें 2 अगस्त को मुख्यमंत्री निवास नया रायपुर में आयोजित विशेष समारोह मे प्रदान किया जायेगा।



- सदस्यता रत्न पुरस्कार से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय करेंगे सम्मानित

भाजपा सदस्यता अभियान में इंजीनियर रवि पाण्डेय ने 16 हजार से भी अधिक सदस्यों को पार्टी से जोड़कर पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान (ग़ैर सांसद और ग़ैर विधायक श्रेणी में ) प्राप्त किया है , जिसकी घोषणा कल के कार्यक्रम में होनी है । यह वृहद आंकड़ा न केवल उनकी संगठनात्मक क्षमता को दर्शाता है बल्कि आम जन मे मजबूत पकड़ और लोकप्रियता को भी दर्शाता है। भाजपा संगठन की समीक्षा मे यह स्पष्ट हुआ है कि उन्होंने न सिर्फ संख्या बल्कि उसके साथ गुणवत्ता और असरदार सदस्यता विस्तार का भी उदाहरण पेश किया है। इंजीनियर रवि पाण्डेय का यह सम्मान केवल एक पुरस्कार नही बल्कि भाजपा मे उनके बढ़ते कद और नेतृत्व क्षमता की औपचारिक मान्यता है। सदस्यता अभियान जैसे संगठनात्मक कार्यों मे उनकी सफलता ने सह संकेत दे दिया है कि आने वाला समय मे वह भाजपा के बड़ी जिम्मेदारी के दावेदार हो सकते है। समाज सेवी से सशक्त संगठनकर्ता तक इंजीनिरिंग पृष्ठभूमि से आने वाले इंजीनियर रवि पाण्डेय ने समाज सेवा को अपनी प्राथमिकता बनाया। शिक्षा, स्वास्थ्य और युवाओं के लिए कार्य करते हुए उन्होंने भाजपा के विचारधारा को जमीनी स्तर तक पहुंचाया। शनिवार 2 अगस्त को मुख्यमंत्री के हाथो मिलने वाला यह सम्मान न केवल इंजीनियर रवि पाण्डेय की मेहनत का प्रतिफल है बल्कि भाजपा के भीतर एक नये सशक्त और तेज उभरते चेहरे की स्वीकार्यता का प्रमाण भी है।

### छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन कर जीता कांस्य पदक

## अंतर्विद्यालयीन खो-खो में लायंस स्कूल ने ब्रिलिएंट पब्लिक को हराया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर में आयोजित अंतर्विद्यालयीन खो-खो चैंपियनशिप में लायंस स्कूल चांपा की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल जांजगीर को पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। इस स्पर्धा में स्कूल की 12 छात्राओं ने हिस्सा लिया।

जांजगीर में रविवार 27 जुलाई को आयोजित अंतर्विद्यालयीन खो-खो चैंपियनशिप में लायंस इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल चांपा की बालिका टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल जांजगीर को पराजित कर कांस्य पदक अपने नाम किया। प्रतिस्पर्धा में स्कूल की ओर से कुल 12 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिनमें कक्षा 11वीं की अंजली, मौली, श्रद्धा, मुस्कान, फातिमा, रुचि, भारती तथा कक्षा 12वीं की सिद्धि, चंचल, रोहिणी, शांभवी और आस्था शामिल रहीं। टीम की कप्तानी रुचि कंवर ने की। टीम को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन पी.टी.आई. गौरव कटकवार द्वारा प्रदान किया गया। छात्राओं की इस उपलब्धि पर विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती अजीता वी.के., लायन शिक्षा समिति के चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष लायन संतोष सोनी ने छात्राओं और कोच को बधाई दी। लायन रामप्रपन्न देवांगन ने छात्राओं को उनके आत्मविश्वास और खेल भावना के लिए सराहते हुए निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन की शुभकामनाएं दीं। लायन संतोष सोनी ने भी छात्राओं के उत्साह, टीमवर्क और जुझारूपन की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने इस सफलता का श्रेय अपने कोच, प्रधानाचार्या एवं लायन समिति को देते हुए उनके सतत सहयोग और मार्गदर्शन के लिए आभार प्रकट किया। विद्यालय की ओर से कोच गौरव कटकवार एवं शिक्षिका श्रीमती मधु पांडेय मैच के दौरान छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।




अतिथि के हाथों पुरस्कार प्राप्त करती छात्राएं।

